# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (29.03.2025)

### DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:29.03.2025, PAGE-04

# अगले एक वर्ष तक होंगी 60 से अधिक परीक्षाएं

**बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अब तक जारी नहीं हो सका शैक्षणिक सत्र 2025-26 का एकेडमिक कैलेंडर**

- पिछले वर्ष मार्च में ही जारी कर दिया गया था एकेडमिक कैलेंडर
- कैलेंडर को अंतिम रूप देकर भेजा जाना है राजभवन



जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में एक वर्ष में 60 से अधिक परीक्षाएं होंगी। ये परीक्षाएं चार वर्षीय स्नातक कोर्स के साथ तीन वर्षीय स्नातक कोर्स, पीजी स्तरीय कोर्स, वोकेशनल, ला, बीएड समेत अन्य कोर्सों से संबंधित हैं। अगले शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अब तक विश्वविद्यालय की ओर से एकेडमिक कैलेंडर जारी नहीं किया जा सका है। बताया गया है कि एकेडमिक कैलेंडर को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मौजूदा शैक्षणिक सत्र के लिए पिछले वर्ष मार्च में ही एकेडमिक कैलेंडर जारी कर दिया गया था। इसके तहत विश्वविद्यालय ने कुल 68 परीक्षाओं का प्रस्ताव तैयार किया था। नए शैक्षणिक सत्र में परीक्षाओं की संख्या में फेरबदल संभव है। बहुत संभव है कि परीक्षाओं की संख्या घट-बढ़ जाए। स्पेशल परीक्षाओं का भी आयोजन होना है। एकेडमिक कैलेंडर में परीक्षाओं के आयोजन व परिणाम जारी करने की तिथि भी दर्ज होगी। इसके अनुसार विश्वविद्यालय में अगले एक वर्ष परीक्षाएं संचालित होती हैं। दूसरी ओर अगली परीक्षा के तुरंत बाद ही परिणाम जारी करने का प्रस्ताव भी विश्वविद्यालय की ओर से तैयार किया गया है। आने वाले दिनों में इसपर भी अमल किया जाना है। विश्वविद्यालय स्तर से परीक्षा कैलेंडर को अंतिम रूप देने के बाद इसे राजभवन व उच्च शिक्षा विभाग को भी भेजा जाना है।

**दो सत्र बीते, स्नातक की प्रवेश परीक्षा पर निर्णय नहीं :** बीआरएबीयू समेत प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में चार वर्षीय स्नातक कोर्स में दो सत्रों में नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। तीसरे सत्र के लिए इस वर्ष नामांकन की प्रक्रिया शुरू होनी है। सबकुछ ठीक रहा तो अप्रैल के आखिरी में या मई की शुरुआत तक सत्र 2025-29 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। चौंकाने वाली बात यह है कि दो सत्र के बीतने व तीसरे की शुरुआत के बीच स्नातक में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा पर कोई निर्णय नहीं हो सका है। सीबीसीएस पाठ्यक्रम के रेगुलेशन में एंट्रेंस का प्रविधान है। इसमें सभी विश्वविद्यालयों में नामांकन के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा का वर्णन किया गया है। सत्र 2023-27 से इसकी शुरुआत राज्य में की गई है। उस वक्त कहा गया था कि अगले सत्र यानी 2024-25 से ही प्रवेश परीक्षा से नामांकन होगा, लेकिन इस सत्र में भी इंटर के अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार कर नामांकन लिया गया। दूसरी ओर विश्वविद्यालय का कहना है कि स्नातक में नामांकन के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा पर निर्णय राजभवन के स्तर से होना है।

## थर्ड सेमेस्टर परीक्षा को पांच जिलों में बने कलेक्शन सेंटर

**आज से कालेजों में मिलेगा स्नातक थर्ड सेमेस्टर का एडमिट कार्ड प्राचार्य की मुहर के बाद विद्यार्थियों को कराया जाएगा उपलब्ध**



जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के बाद कापियों को एकत्र करने के लिए पांच जिलों में कलेक्शन सेंटर बनाए गए हैं। प्रतिदिन परीक्षा के बाद व्यहकत उत्तर पुस्तिकाओं को संबंधित जिलों के सभी केंद्रों से जमा कर सेंटर पहुंचाई जाएंगी। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से मुजफ्फरपुर समेत पाचं जिलों के कालेजों में कलेक्शन सेंटर बनाया गया है। जिले में विश्वविद्यालय परीक्षा भवन को कलेक्शन सेंटर बनाया गया है। मुजफ्फरपुर के अलवा वैशाली, सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण व पश्चिमी चंपारण में केंद्र बने हैं। वैशाली के एलएन कालेज भगवानपुर, सीतामढ़ी के एसआरकेजी कालेज, पूर्वी चंपारण के एमएस कालेज मोतिहारी व पश्चिमी चंपारण के एमजेके कालेज बेतिया में केंद्र बनाया गया है।

दूसरी ओर स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए शनिवार से कालेजों में एमडिट कार्ड मिलेगा। विश्वविद्यालय की ओर से इसे जारी करने के प्रक्रिया शुरू हो गई है। दोपहर तक कालेज इसे डाउनलोड कर प्राचार्य की मुहर के साथ छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराएंगे। अगर इसमें कोई त्रुटि होगी तो सुधार भी होगा। इसके लिए कालेज विश्वविद्यालय को जानकारी देंगे। परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय स्तर से कुल 46 केंद्र बनाए गए हैं। ये केंद्र मुख्यालय समेत कुल पांच जिलों में बनाए जाएंगे। परीक्षा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा तीन अप्रैल से शुरू होगी। वहीं इसी महीने पीजी थर्ड सेमेस्टर की भी परीक्षा होनी है। उल्लेखनीय है कि थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में करीब 1.10 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। कई कालेजों में अब भी परीक्षा फार्म भरे जाने की प्रक्रिया चल रही है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 31.03.2025, PAGE-04

# पांच दर्जन से अधिक होंगी परीक्षाएं, तैयार हो रहा कैलेंडर

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

विवि की ओर से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए परीक्षा कैलेंडर तैयार किया जा रहा है. बीआरए बिहार विश्वविद्यालय अगले सालभर में 5 दर्जन से अधिक परीक्षाएं कराने की तैयारी में जुट गयी है.

इसमें स्नातक की 4 बड़ी परीक्षाएं होंगी, जिसमें सभी सेमेस्टर में एक लाख से अधिक परीक्षार्थियों को शामिल कराना है. इसके अलावा पीजी व वोकेशनल सहित प्रोफेशनल कोर्स की परीक्षाएं भी हैं. इसमें सभी कोर्स की परीक्षाओं के साथ ही रिजल्ट की संभावित तिथि भी निर्धारित की जाएगी. उसी के आधार पर मार्च 2026 तक निर्धारित परीक्षाएं कराकर रिजल्ट जारी किया जायेगा.

अगले सत्र में निर्धारित कैलेंडर के अनुसार ही परीक्षा कराने को लेकर योजना तैयार की जा रही है. पिछले दिनों परीक्षा विभाग की कई बैठकें भी हुई. बताया जा रहा है कि विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 के लिए कैलेंडर तैयार कर लिया है. कुलपति की अनुमति के बाद इसे राजभवन के साथ ही उच्च शिक्षा निदेशालय को भी भेजा जाएगा.

**बीते एक साल में परीक्षा व्यवस्था बेपटरी :** विश्वविद्यालय की ओर से अगले दो-तीन महीने में ही दर्जनभर से अधिक परीक्षाएं कराने की योजना है. इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है. इसमें स्नातक और पीजी के साथ ही बीएड व इंटीग्रेटेड बीएड की भी परीक्षा है. स्नातक में अधिक परीक्षार्थी होते हैं, जिसके कारण केंद्र बनाने में दिक्कत होती है. अन्य परीक्षाओं में कम संख्या होने के कारण कोई परेशानी नहीं होती. इसके अलावा वोकेशनल व प्रोफेशनल कोर्स की परीक्षाओं के लिए समय निर्धारित किया जाएगा. पिछले एक साल में परीक्षा व्यवस्था बेपटरी हो गई है.

पिछले साल लोकसभा चुनाव और इस साल फरवरी में बिहार बोर्ड की परीक्षाओं के कारण दो महीने से अधिक समय तक विश्वविद्यालय कोई परीक्षा नहीं करा सका. इस अवधि में मूल्यांकन कार्य भी नहीं हो, जिससे रिजल्ट भी प्रभावित रहा.

## बीआरएबीयू : आज से छात्रों को मिलेगा एडमिट कार्ड

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए शनिवार से कॉलेजों में एडमिट कार्ड मिलेगा. विवि स्तर से कुल 46 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं. ये केंद्र मुख्यालय समेत कुल पांच जिलों में बनाये जायेंगे. परीक्षा के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं. थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा तीन अप्रैल से शुरू होगी. विवि ने एडमिट कार्ड जारी करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है. शनिवार दोपहर तक कॉलेज इसे डाउनलोड कर प्राचार्य की मुहर के साथ छात्र-छात्राओं को उपलब्ध करायेंगे. वहीं अगर कार्ड में किसी तरह की त्रुटि होगी, तो इसका सुधार भी होगा. इसके लिए कॉलेज विवि को जानकारी देंगे. थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा में करीब 1.10 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे. कई कालेजों में अब भी परीक्षा फार्म भरे जाने की प्रक्रिया चल रही है. दूसरी ओर परीक्षा के बाद मुख्यालय समेत पांच जिलों में पांच कलेक्शन सेंटर बनाये गये हैं. वहीं इसी महीने पीजी थर्ड सेमेस्टर की भी परीक्षा होनी है.